नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति,संबलपुर की प्रथम छमाही बैठक सम्पन्न
''हिंदी हमें आपस में जोड़ती है - श्री ओम प्रकाश सिंह

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड, मुख्यालय संबलपुर में दिनांक 27.06.2023 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति,संबलपुर की प्रथम छमाही बैठक श्री ओम प्रकाश सिंह, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, एमसीएल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में नराकास, संबलपुर के सभी सदस्य कार्यालयों के प्रमुख/प्रतिनिधि एवं राजभाषा अधिकारीगण उपस्थित हुए।

अध्यक्ष महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी हमें आपस में जोड़ती है, अतः हिंदी के प्रचार-प्रसार में हम सभी को अपना-अपना योगदान देना चाहिए। हिंदी में कार्य करने की क्षमता हम सभी में है, आवश्यकता है जागरुकता लाने की। सदस्य कार्यालय, राजभाषा कार्यान्वयन को बढ़ावा देने के लिए आपसी वार्तालाप हिंदी में करें ताकि हिंदी के प्रति रुचि बढ़े। यह गर्व का विषय हे कि कुछ कार्यालयों में हिंदी का कार्यान्वयन बेहतर हो रहा है और वे पुरस्कृत भी हो रहे हैं, हमें उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए ताकि अन्य कार्यालय भी भारत सरकार से पुरस्कृत हो सके। भारत सरकार की राजभाषा नीति का अनुपालन करना हमारी नैतिक जिम्मेवारी है, जिसका हमें शतप्रतिशत अनुपालन किया जाना चाहिए। हिंदी के प्रचार-प्रसार में जागरुकता लाने के लिए सदस्य कार्यालय को हिंदी में संगोष्ठी आदि का आयोजन किया जाना चाहिए ताकि हिंदी के प्रति लोगों में रुचि बढ़े।

आगे उन्होंने राजभाषा के विभिन्न बिन्दुओं पर सुझाव देते हुए कहा कि नराकास के सभी सरकारी कार्यालयों/बैंकों/उपक्रमों में राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3), हिंदी पत्राचार,हिंदी टिप्पणी आदि का अनुपालन निर्धारित लक्ष्य के अनुसार किया जाए।

बैठक के प्रारंभ में श्री कृष्ण मुरारी प्रसाद, महाप्रबंधक(राजभाषा)/सदस्य सचिव, नराकास,संबलपुर ने अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित सभी प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग एवं प्रचार-प्रसार के लिए नराकास का यह मंच काफी महत्वपूर्ण है। इसमें हम सभी राजभाषा हिंदी के विकास हेतु परस्पर विचार-विनिमय करते हैं एवं आवश्यकतानुसार सहयोग भी करते हैं।

बैठक में श्री अजित कुमार मेहेर, मंडल प्रमुख, पंजाब नैशनल बैंक, श्री अजीत कुमार जग्गा, सहायक महाप्रबंधक, कैनरा बैंक, सस्मिता मिश्र, सहायक महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, श्री सुनिल कच्छप, उप कमाडेंट, सीआरपीएफ, श्री देवप्रकाश, सहायक निदेशक(राजभाषा), वस्तु एवं सेवा कर कार्यालय, संबलपुर, एवं डॉ.प्रशांत कुमार, षडंगी, प्राचार्य केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-1 संबलपुर ने भी हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए अपने-अपने सुझाव दिए।

बैठक के दौरान नराकास, संबलपुर की गृह पत्रिका ''संबलप्रभा'' के ग्यारहवें अंक का विमोचन अध्यक्ष महोय के करकमलों से किया गया एवं वर्ष 2023-24 के दौरान सदस्य कार्यालयों द्वारा आयोजित नराकास राजभाषा प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

बैठक के संचालन में राजभाषा विभाग, एमसीएल की भूमिका सराहनीय रही।

MCL
महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड


MCL
G20
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर
की प्रथम छमाही बैठक

MCL
G20
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर
की प्रथम छमाही बैठक
27.06.2023

र राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर
की प्रथम छमाही बैठक
27.06.2023